प्रादेशिक अनुसंधान केंद्र, जैसलमेर में रबी फसलों की उन्नत खेती पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के प्रादेशिक अनुसंधान केंद्र- जैसलमेर में विकसित फसल वाटिका पर रबी फसलों की उन्नत खेती पर 3 मार्च 2021 को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया । प्रक्षेत्र दिवस में बासनपीर गांव के लगभग 20 किसानों ने भाग लिया । इस अवसर पर जैसलमेर अनुसंधान केंद्र के प्रमुख डॉ मावजी पाटीदार ने रबी फसलों की उन्नत खेती पर व्याख्यान दिया । इस दौरान किसानों ने फसल वाटिका में लगी जीरा, चना, तारामीरा एवं सरसों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया । अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ एस. सी. मीना ने रबी फसलों जैसे जीरा, चना एवं सरसों में कीट नियंत्रण, डॉ. दिलीप कुमार ने बीज की गुणवत्ता के बारे में एवं डॉ अनिल पाटीदार ने फसलों की समय पर कटाई के बारे में बताया। सभी किसानों ने उत्सुकता पूर्वक अनुसंधान केंद्र में लगी हाईब्रीड नेफियर घास, सेवण घास और नव विकसित आदर्श पौधशाला का भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बलवीर सिंह सुमित कुमार एवं रोशन लाल मीना ने तकनीकी सहयोग किया।